26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 25 नवम्बर, 2025

अंक- 32 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# पत्नी दूध लेने गई थी, पति ने फांसी लगा ली

## फांसी के फंदे पर लटका मिला डाकिये का शव


मृतक का फाइल फोटो

बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय साकेत कालोनी में एक पोस्टमैन का शव घर में लटका मिला। मंडावर क्षेत्र के ग्राम सीमला निवासी सोनू यहां पोस्ट ऑफिस में डाकिया के रुप में कार्यरत था। सोनू को अपने पिता के स्थान पर मृतक आश्रित के रूप में यह नौकरी मिली थी। वह अपने बीवी-बच्चों के साथ बिजनौर में साकेत कालोनी में किराये के मकान में रहता था। सोनू के दो पुत्र हैं। बीती रात क़रीब 8 बजे सोनू की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। सोनू की पत्नी के अनुसार वह रात को क़रीब 8 बजे दूध लेने गई थी। लौट कर आई तो सोनू का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ था। देख कर वह घबरा गई और उसने शव को नीचे उतार लिया। कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी ने हालात देखते हुए फ़ौरेनसिक टीम मौके पर बुलाई। शव को पीएम के लिये भेजा गया।

# बटन दबाते ही राम मंदिर के शीर्ष पर विराजमान हुआ ध्वज

## मोदी हुए भावुक; रोते दिखे साधु-संत

**अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। ध्वजारोहण के साथ अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण आज पूरी तरह हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बटन दबाते ही झंडा धीरे-धीरे ऊपर चढ़ता हुआ मंदिर के शीर्ष पर विराजमान हो गया। जैसे-जैसे झंडा ऊपर चढ़ता गया, हजारों श्रद्धालु टकटकी लगाए उसे देखते रहे। पीएम मोदी इन पलों में भावुक नजर आए।**

ध्वजारोहण के समय सामने की कतार में साधु-संत बैठे हुए थे। वह भी भावुकता में अपने आंसू पोछते हुए नजर आए। इस कार्यक्रम में देश-दुनिया के करीब आठ हजार लोग आमंत्रित किए गए थे। चार से पांच मिनट के संक्षिप्त ध्वजारोहण अनुष्ठान में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर ध्वज फहराया। सात हजार अतिथि समारोह के साक्षी बने, जिनमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, , धर्मगुरु, व्यापार जगत के प्रमुख व्यक्ति, दलित, वंचित, किन्नर और अघोरी समुदाय के प्रतिनिधि शामिल रहे।

निर्धारित शुभ मुहूर्त में प्रधानमंत्री ने राम मंदिर के मुख्य शिखर पर धर्मध्वज फहराया। जैसे ही केसरिया ध्वज पवन के संग लहराया, पूरा परिसर 'जय श्री राम' के उदघोष से गूँज उठा। क्षण भर में वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और श्रद्धालुओं की भावनाएँ उमंग में बदल गईं।



धर्मध्वज फहराने से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यापक पूजन-अर्चन सम्पन्न हुआ। यज्ञकुंडों से उठती आहुतियों की सुगंध और नगाड़ों की गूँज ने समारोह को भव्यता प्रदान की। पीएम मोदी ने ध्वजारोहण कर राष्ट्र को सनातन परंपरा की अखंडता, आस्था और सांस्कृतिक स्वाभिमान का संदेश दिया।

इस अवसर पर देश-दुनिया से आए संत-महंत, विशिष्ट अतिथि और हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच राम नगरी उत्सव के रंग में डूबी रही। मंदिर परिसर से लेकर सरयू तट तक हर ओर दीप, पुष्प और रंगोलियों से सजा माहौल इस ऐतिहासिक उत्सव का साक्षात अनुभव करा रहा था।

अभिजीत मुहूर्त के शुभ समय में श्रीराम जन्मभूमि में स्थापना हुई है। इसका भगवा रंग, सूर्य का चिन्ह, कोविदार वृक्ष राम राज्य की कीर्ति को गाता है। ये धर्म ध्वज प्रेरणा बनेगा। प्राण जाए पर वचन न जाए। हम ऐसा समाज बनाएं, जहां कोई गरीब न हो। कोई पीड़ित ना हो। यह ध्वज युगों युगों तक श्री राम के आदेशों और प्रेरणाओं को मानव मात्र तक पहुंचाएगा।


मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवा ध्वज फहराया। इस दौरान जय श्री राम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इससे पहले पीएम ने सरसंघचालक के साथ मिलकर सभी मंदिरों में दर्शन-पूजा की।

### सियावर रामचंद्र के जयघोष के साथ शुरू हुआ पीएम का संबोधन

सियावर रामचंद्र के जयघोष के साथ पीएम मोदी ने अपना संबोधन शुरू किया। आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियों की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रही है। आज धर्म ध्वजा की मंदिर

### आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन- मोहन भागवत

इस मौके पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी (अशोक सिंघल) को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया। रामराज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है।

### सीएम योगी के संबोधन में दिखी नई उर्जा

**इस मौके पर सीएम योगी अदित्यनाथ के संबोधन में एक नई उर्जा दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मंदिर के शिखर फहरा रहा यह केसरिया ध्वज नए भारत का प्रतीक है। 500 वर्षों में समय बदला, नेतृत्व बदला, लेकिन आस्था न झुकी, न रुकी। जब आरएसएस के हाथ में कमान आई तो सिर्फ एक ही आवाज गूंजती रही। रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।**

# पुलिस नहीं सुलझा पा रही छात्राओं के ग़ायब होने की गुत्थी

**बिजनौर (चिंगारी)। तमाम कोशिशों के बावजूद पुलिस दो छात्राओं के लापता होने की गुत्थी नहीं सुलझा सकी है। पुलिस की 10 टीमें मुम्बई, दिल्ली, उत्तराखण्ड व पंजाब आदि राज्यों की खाक छान रही है, मगर सफलता नहीं मिल रही। एएसपी सिटी खुद इस मामले को हैंडल कर रहे हैं। पुलिस ने उस रिक्शा चालक की पहचान कर ली है, जिसकी रिक्शा में बैठकर दोनों छात्राएं स्कूल से पहले मोहल्ला चाहशीरीं, फिर रोडवेज बस स्टैंड पहुंची थीं। साथ ही पुलिस ने उस घर का भी पता लगा लिया है, जहां छात्राओं ने कपड़े बदले थे। उस घर के लोगों से पूछताछ की जा रही है। रोडवेज बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। दोनों छात्राएं अलग-अलग सम्प्रदाय की हैं। दूसरे सम्प्रदाय की छात्रा के परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। सर्विलांस की भी मदद ली जा रही है, लेकिन अभी तक छात्राओं का सुराग नहीं लगा है। दोनों छात्राएं समीपवर्ती दो अलग-अलग गांवों की हैं। दोनों 15 नवम्बर से लापता हैं।**

# गुल्ला टूटने से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली रेलवे फाटक के बीचोंबीच फंसी

## ढाई घंटे तक रेलवे स्टेशनों पर खड़ी रहीं कई ट्रेन

चंदक (चिंगारी)। बीती रात यहां नांगल मार्ग स्थित रेलवे फाटक 495 बी पर लिप्टिस के पेड़ों से लदी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली रेलवे फाटक के बीचो-बीच फंस गई। जिससे सड़क के साथ-साथ रेल यातायात भी बाधित हो गया। ढाई घंटे की मशक्कत के बाद रेल यातायात सुचारू हो सका। जिसके चलते नजीबाबाद चंदक, लक्सर, रुड़की तक ट्रेनें स्टेशनों पर खड़ी रहीं। बीती रात 9:55 पर नांगल मार्ग स्थित रेलवे फाटक संख्या 495 बी पर से गुजरते हुए कटे पेड़ों से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली का गुल्ला टूट गया। जिससे ट्रॉली बीचों-बीच फंस गई। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गया। सूचना पर रेलवे के कर्मचारी और अधिकारी मौके पर पहुंचे। ढाई घंटे की मशक्कत के बाद 12:20 पर



रेलवे ट्रैक क्लियर हो सका। इस बीच आउटर पर 14650 डाउन लालबाग एक्सप्रेस ढाई घंटे खड़ी रही। एक मालगाड़ी रेलवे स्टेशन पर करीब 2 घंटे खड़ी रही। इसके अलावा विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों को रोका गया। मौके पर पहुंची रेलवे पुलिस ने ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया।

# आरआर पब्लिक स्कूल में हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं




**नूरपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को स्योहारा रोड स्थित आर आर पब्लिक स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए एक दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल की डायरेक्टर प्राची गुप्ता व उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

खेल शिक्षक जीवन सिंह के अनुसार कक्षा नर्सरी में बालक वर्ग से 40 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रमित प्रथम, दिव्यांश द्वितीय, राजवर्धन तृतीय जूनियर केजी सी में शौर्य कुमार प्रथम, कुशांक द्वितीय, जुलकरेन तृतीय सीनियर केजी बी में आरव प्रथम, दैविक द्वितीय,देव तृतीय बालिका वर्ग से नर्सरी में कीर्ति प्रथम, चैरी द्वितीय, सुखप्रीत तृतीय जूनियर केजी सी में त्रिशा प्रथम, परिधि द्वितीय, शिवान्या तृतीय सीनियर केजी बी में काव्या प्रथम, अफीफा द्वितीय, व अनाया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी ए में बालक वर्ग से मेंढक दौड़ में राज्यवर्धन प्रथम, भविष्य द्वितीय, गिवांश तृतीय नर्सरी बी में उन्नत प्रथम, रूद्र द्वितीय, सूर्यांश तृतीय नर्सरी बालिका वर्ग से शंकु दौड़ प्रतियोगिता में आयजा प्रथम, मिशाका द्वितीय, कृतिका तृतीय नर्सरी बी में युवांश प्रथम, सार्थक द्वितीय, लिवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी बी बालक वर्ग की नींबू–चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में बासु प्रथम, रुद्र द्वितीय, मलकीत तृतीय सीनियर केजी ए में दक्ष प्रथम, रूद्रजीत द्वितीय, आरुष तृतीय बालिका वर्ग से जूनियर केजी बी में ईशु प्रथम, पारकी द्वितीय, निकिता तृतीय सीनियर केजी ए में शानवी प्रथम, विनिका द्वितीय, अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर केजी ए बालक वर्ग की समूह दौड़ प्रतियोगिता में मोहम्मद असद प्रथम, हनु द्वितीय, मोहम्मद अफ़फान तृतीय, सीनियर केजी सी में तेजवीर प्रथम,हर्षवर्धन द्वितीय, अनिरुद्ध तृतीय बालिका वर्ग से जूनियर केजी ए में ईशा प्रथम, आयजा द्वितीय, अंजल तृतीय सीनियर केजी सी में गितिलन प्रथम, रूष्टि द्वितीय, कृतिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सफल सभी छात्र-छात्राओं को स्कूल प्रबंधन ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया ।

## पालिका कार्यालय में कैम्प लगाया एसआईआर के बारे में बताया


एसआईआर के बारे में जानकारी देते हुए बीएलओ।

**धामपुर ( चिंगारी )।** चुनाव आयोग द्वारा चलाये जा रहे विशेष मतदाता पुन: निरीक्षण अभियान के अंतर्गत कल नगर पालिका परिषद, धामपुर द्वारा पालिका कार्यालय में एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में भारी संख्या में आए मतदाताओं को एस आई आर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उनके फार्मो का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ल ने बताया कि कैंप में कुल 1475 फॉर्म जमा हुये जबकि 403 फॉर्म कैंप में भरे गए और 306 फॉर्म ऑनलाइन दिये गये। उन्होंने बताया कि कैंप के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार के प्रति जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के लिपिक नितिन अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सुनील कुमार, नुसरत अली सहित अनेक बीएलओ मौके पर मौजूद रहे।

## निगार वेलफेयर सोसायटी द्वारा क्राफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित



**विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर किया गया सम्मानित**

**धामपुर ( चिंगारी )।** निगार वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में एमएन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में क्राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मोहम्मद असद प्रथम, अरीबा द्वितीय और अलीशा तृतीय स्थान पर रहीं। जबकि जूबिया को स्पेशल पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के भीतर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए विद्यालयों में इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। बगदाद अंसार रोड स्थित एन एम पब्लिक जूनियर हाईस्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ नेशनल मेकओवर रुखसार अब्बासी, सरदार सतवंत सिंह सलूजा, वरिष्ठ रोटेरियन एसपी सलूजा, जावेद रहमान शम्सी आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। निर्णायक मंडल में जावेद शम्सी आदि शामिल रहे। राजकीय महाविद्यालय कांठ के प्राचार्य नजाकत अली एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर दिनेश चौहान ने कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर कराकर संस्था प्रतिभावान बच्चों को उचित मंच दिलाने का काम करती है। एसपी सलूजा, मेकअप आर्टिस्ट स्नेह लता, अंशू दीक्षित, परमजीत कौर, सतपाल चावला, शाकिर अंसारी, राकेश कुमार कश्यप, निहाल अहमद आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने की तथा संचालन एसपी सलूजा ने किया। कार्यक्रम के अंत में निगार वेलफेयर सोसाइटी के डायरेक्टर आमिर निगार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## 24 मार्च को मेरठ में आयोजित होगा सनातन धर्मीय विशाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सनातन धर्मीय परिचय सम्मेलन के विषय में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रान्तीय सचिव ओम सहाय भटनागर के निवास पर बैठक आयोजित हुई। श्री आनन्द कुमार जौहरी प्रान्तीय अध्यक्ष ने अध्यक्षता की तथा ओम सहाय भटनागर, राजवर्धन भटनागर, प्रदीप किशोर भटनागर, संजीव श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार भटनागर, शुभम भटनागर, हर्षित, संगीता भटनागर, मीनाक्षी भटनागर, अरूण कुमार श्रीवास्तव, प्रेमा श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव आदि चित्रांशों ने भागीदारी की। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष आनन्द कुमार जौहरी ने बताया कि 29 मार्च 2026 को सनातन धर्मीय परिचय सम्मेलन फाइव स्टार रिजार्ट, एन.एच 58 दिल्ली-देहरादून रोड बाईपास, कंकर खेड़ा, मेरठ में किया जा रहा है। इस सम्बंध में प्राप्त बायोडाटा की संग्रहित पुस्तिका भी प्रकाशित की जायेगी। इस वैवाहिक परिचय सम्मेलन में कायस्थों के साथ-साथ समस्त सनातन धर्मियों के युवक-युवतियों विधुर, विधवा, तलाकशुदा, विकलांग के बायोडाटा आमंत्रित किये गये हैं। रजिस्टेशन फार्म स्थानीय कायस्थ सभाओं के पास उपलब्ध है। पंजीकृत युवक/युवतियों के बायोडाटा की पुस्तिका हाथोंहाथ कोरियर से उपलब्ध करायी जायेगी।

## भक्ति के बल पर ईश्वर को अपने आंगन में बच्चा बनाकर नचाया जा सकता है : संघर्षी





**चांदपुर ( चिंगारी )।** श्रीमद भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर प्रवचन करते हुए कथा प्रवक्ता महंत पं.रविन्द्र भारद्वाज श्री संघर्षी ने कहा कि भक्ति के बल पर ही ईश्वर को अपने आंगन में बच्चा बनाकर नचाया जा सकता है। यह चमत्कार नन्दबाबा जी एवं माता यशोदा जी ने गोकुल में करके दिखाया है, जब वह जगत के स्वामी को मुट्ठी भर माखन के बदले में अपने आंगन में नांच नचवा रहे हैं। श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जिस क्षण संसार में हमारा जन्म हो जाता है,उसी क्षण मृत्यु हमारे आगे-पीछे डोलने लगती है। जब तक हम पर ईश्वर की कृपा है, तभी तक हम सुरक्षित है वरना थोड़ी सी भी सावधानी हटी तभी समझ लो दुर्घटना घटी ईश्वर की शरणागति ही हमें मृत्यु के संकट से बचा सकती है।

श्री संघर्षी महाराज ने कहा कि जितना समय हम दूसरों को समझने में लगा रहे हैं, यदि उसका पिन बराबर समय भी हम अपने को सुधारने में लगालें, तो मुझे विश्वास है कि विश्व में रामराज्य आ जायेगा। आजकल पर उपदेश कुशल बहुतेरे वाली कहावत चरितार्थ होती जा रही है।

कथा में यजमान तेज पाल सिंह (बिजली वाले) श्री मनोज वर्मा, श्रीमती प्रकाशो देवी धर्मपत्नी श्री छोटेलाल सिंह रहे। इस अवसर पर कथा में परीक्षित के रूप में एड. प्रभात गुप्ता तथा उनके पुत्र एड. मनु गुप्ता सपत्नीक उपस्थित रहे। आज की कथा में कथा प्रवक्ता ने श्री कृष्ण जन्म कके प्रसंग को बड़े ही मार्मिक ढंग से भक्तों को श्रवण कराया, जिसे श्रवण कर सभी भक्त भाव विभोर हो गए।

### इनकी उपस्थिति रही

**कथा में श्री रजनी प्रजापति,रूपा सैनी, श्रीमती कमलेश सैनी, श्रीमती गीता राठी, श्री सुनीता देवी, श्रीमती सुदेशना देवी,श्रीमती आरती सैनी,श्रीमती कुसुम शर्मा, श्रीमती किरन वर्मा, श्रीमती अम्बिका वंसल, श्रीमती एकता अग्रवाल, श्रीमती पूनम देवी, श्रीमती ममता भारद्वाज, श्रीमती सपना त्यागी, श्रीमती बीना साधना, श्रीमती हेमलता देवी, श्रीमती प्रकाशो देवी, श्रीमती सरोज चौधरी, श्रीमती मधु वंसल, श्रीमती आशा पवार, श्रीमती मंजु सैलानी, श्रीमती कृष्णा प्रजापति, कु. साक्षी पवार , तानिया सैलानी, हिमानी सैलानी, कु. शिखा प्रजापति, श्री तेजपाल सिंह ( बिजली वाले ) श्री रविन्द्र अग्रवाल ( नमकीन वाले ) इत्यादि उपस्थित रहे।**

# बच्ची के साथ छेड़छाड़ के मामले में छह साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो) कल्पना पांडेय ने एक 9 साल की बच्ची के साथ छेड़छाड़ के मामले में रिक्शा चालक नसीम को छह साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने इस मामले में एक अन्य आरोपी माजिद उर्फ भूरा को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

एडीजीसी भालेन्द्र राठौर के अनुसार एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी 9 साल की बेटी स्कूल में कक्षा 3 में पढ़ती है। बच्ची को स्कूल लाने-ले जाने के लिये माजिद उर्फ भूरा की रिक्शा लगा रखी थी। माजिद बच्ची को दूसरे रिक्शा चालक नसीम के साथ स्कूल भेज रहा था। बच्ची ने घर जाकर बताया कि नसीम उसे अगली सीट पर बैठाता है और छेड़छाड़ करता है। साथ ही चॉकलेट का लालच देकर घर बुलाता है। 27 अगस्त 2025 को स्कूल की छुट्टी के समय बच्ची के पिता ने नसीम को गलत हरकत करते हुए पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया गया। सुनवाई के दौरान नसीम को दोषी पाया गया, जबकि माजिद को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया।

# डाकघरों के बुकिंग काउंटरों का समय बढ़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर डाक मंडल के अधीक्षक धर्मेश गगनेजा ने बताया कि बिजनौर डाक मंडल के अन्तर्गत आने वाले निम्न पांच डाकघरों के बुकिंग काउंटर का समय एक घंटा बढ़ा दिया गया है। पहले यह काउंटर 9:00 बजे से 3:00 बजे तक के थे, अब ये काउंटर 9:00 बजे से 4:00 बजे तक के लिए कर दिये गये हैं। इनमें धामपुर प्रधान डाकघर, नजीबाबाद एमडीजी, नगीना उपडाकघर, किरतपुर उपडाकघर तथा हल्दौर उपडाकघर के काउंटर शामिल हैं। इसके साथ-साथ यह भी बताया कि बिजनौर प्रधान डाकघर में एक बुकिंग काउंटर 24×7 के लिए खोल दिया गया है। बिजनौर की जनता इसका लाभ उठा सकती है।

# मोदी के नेतृत्व में विकसित हो रहा उत्तराखंड : धामी

**अजमेर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड लगातार विकास की राह पर अग्रसर है। श्री धामी रविवार को राजस्थान में प्रमुख तीर्थ स्थल अजमेर के पुष्कर में पर्वतीय समाज की धर्मशाला का लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अजमेर के पुष्कर में 1936 से स्थापित पर्वतीय समाज की इस धर्मशाला में विकास कार्यों में गति लाने के लिए 50 लाख रुपए देने की भी घोषणा की।



**भली लगे या बुरी...**

## पढ़े-लिखे आतंकी

आमतौर पर यह माना जाता है कि कम समझबूझ और अशिक्षित युवक आतंकवाद में लिप्त होते हैं, लेकिन दिल्ली धमाके में जिस तरह कई चिकित्सकों के शामिल होने का पर्दाफाश हुआ, उससे यह साफ हो गया कि उच्च शिक्षित लोगों के दिमाग में भी आतंकवाद जैसी विध्वंसक सोच पनप रही है। हालांकि दिल्ली धमाके से पहले भी अनेक पढ़े-लिखे नौजवान दुनिया भर में आतंकवाद की ओर आकर्षित हुए थे और अमेरिका में जघन्यतम 9-11 आतंकी हमले का मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन अमेरिका में पढ़ा इंजीनियर था। अमेरिका, ब्रिटेन तथा अन्य पश्चिमी देशों में पले-बढ़े, अमीर व उच्च शिक्षित नौजवानों के आतंकी और इससे भी अधिक आत्मघाती आतंकी बनने की अनेक घटनायें सामने आई हैं। इनसे स्पष्ट होता है कि इस्लाम की कट्टरपंथी व्याख्या, दुनिया में मुसलमानों के उत्पीड़न की सही-गलत अवधारणायें तथा सारी दुनिया को एक रंग में रंगने की इच्छा आतंकवाद को जन्म देने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती रही हैं। इसके साथ ही पश्चिमी देशों में श्वेत-वर्चस्व व श्वेत-श्रेष्ठता तथा पूरी दुनिया पर शासन करने की इच्छा ने एक प्रकार से 'इस्लामोफोबिया' को जन्म दिया जिसका उद्देश्य विकासशील देशों के मुसलमानों को कमतर समझने और उनको अपराधी की तरह पेश करने की इच्छा थी। हालांकि, इसके पहले भी ईसाई, यहूदी व अन्य धर्मों के लोगों या शासकों ने जनता पर अत्याचार और आतंक को अंजाम दिया, पर उनके आतंक को किसी खास धर्म से नहीं जोड़ा गया, जबकि इस्लाम के साथ ऐसा जानबूझ कर किया जा रहा है। हालांकि, आतंकवाद को किसी धर्म, क्षेत्र या भाषा से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, पर धर्म की कट्टरपंथी व्याख्या, दूसरों के प्रति असहिष्णुता, स्वयं को श्रेष्ठ मान कर धर्मान्तरण कराने की अवधारणा तथा अपने विश्वास का न मानने वालों को समाप्त करने की अवधारणा आतंकवाद को जन्म देती है। आतंकवाद बढ़ने का संबंध लोकतंत्र और बहुलतावाद कमजोर होने से भी है। लोकतंत्र के साथ अतीत से ही सभी धर्मो और विश्वासों का सम्मान, अल्पसंख्यकों को समान प्रगति के अवसर तथा उनकी संस्कृति और सभ्यता को सम्मान देने की भावनायें जुड़ी रही हैं।

# भारत की युवा पीढ़ी, सद्भाव, प्रगति और राष्ट्र निर्माण की ध्वजवाहक

**भारत का युवा भविष्य-उन्मुख है। वह जानता है कि उसका समय और ऊर्जा व्यर्थ के विवादों में नहीं, बल्कि कौशल विकास, नवाचार और राष्ट्र के आर्थिक विकास में लगनी चाहिए। भारत का भविष्य किसी राजनीतिक दल या बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं करता। यह पूरी तरह से युवाओं के सद्भाव और पुरुषार्थ पर निर्भर है। युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति है। भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जहां विभिन्न धर्म, भाषाएं और संस्कृतियां एक साथ फलती-फूलती हैं। युवा पीढ़ी को इस विविधता को कमजोरी नहीं, बल्कि अद्वितीय शक्ति के रूप में देखना होगा।**

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

हाल के दिनों में, पड़ोसी देशों बांग्लादेश और नेपाल में जेन-जी युवाओं का सड़कों पर उतरना, विरोध प्रदर्शनों और कुछ दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की खबरें चिंता का विषय रहीं। यह देखना दु:खद है कि कैसे अशांति, अव्यवस्था का माहौल किसी भी राष्ट्र की सभ्यता, विकास और प्रगति को दशकों पीछे धकेल सकता है। जब युवा शक्ति रचनात्मकता और राष्ट्र निर्माण में लगनी चाहिए, तब लक्ष्य स्पष्ट होने के बावजूद भी उसका विध्वंसक कार्यों में उलझ जाना राष्ट्र के लिए सबसे बड़ी क्षति है। नि:संदेह वहां कुछ कारण जनता को व्यथित करने वाले अस्तित्व में हैं। फिर भी इन घटनाओं के पीछे विदेशी ताकतों के इशारे पर षड्यंत्र की आशंकाओं को नकारा नहीं जा सकता। यदि अपने देश को केंद्र में रखकर यह सोचा जाए तो यह एक कटु सत्य है कि जो शत्रु राष्ट्र भारत की तीव्र तरक्की और वैश्विक उत्थान से ईर्ष्या रखते हैं, वे सीधे टकराव मोल लेने के बजाय यहां आंतरिक अस्थिरता पैदा करने की नीति अपनाते दिखाई देते रहते हैं। चूंकि शत्रु देश भारत से सीधे नहीं टकरा सकते तब वे भारत के भीतर छुपे हुए अपने राजनीतिक दलालों और अवसरवादी तत्वों का दुरूपयोग करते हैं। इनका एकमात्र एजेंडा भारत को उसके विकास के एजेंडे से हटाना, आर्थिक गति को बाधित करना और देश में अशांति फैलाना है। शत्रु देशों द्वारा इन्हीं षड्यंत्रों के चलते भारत में भी समय-समय पर अशांति फैलाने के प्रयास किए गए हैं। देश को अस्थिर करने के लिए आतंकवाद, बम धमाके और चुनावों में अविश्वास पैदा करने जैसी हरकतें विदेशी ताकतों के इशारों पर ही की जाती हैं। इसके अलावा, सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने के लिए जात-पात, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर संकीर्ण अवसरवादी नेता युवाओं को भड़काने की कोशिश करते रहते हैं। उनका एकमात्र स्वार्थ राजनीतिक लाभ की प्राप्ति और स्वयं के पक्ष में सामाजिक ध्रुवीकरण होता है। परंतु, एक बात जो भारत को उसके पड़ोसियों से अलग और विशेष बनाती है, वह है भारतीय युवाओं की अंतर्निहित समझदारी और परिपक्वता।



भारत का युवा सिर्फ विरोध करना नहीं जानता, बल्कि कारण और परिणाम को समझना जानता है। वह सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही भ्रामक अफ़वाहों और झूठे नैरेटिव को बिना परखे स्वीकार नहीं करता। आज का भारतीय युवा सूचना और प्रौद्योगिकी से लैस है। वह किसी भी जानकारी को साझा करने से पहले उसके स्रोत की जांच करता है। वह तर्क और ज्ञान के आधार पर निर्णय लेता है, न केवल भावनात्मक आवेग में आकर। यही कारण है कि भारतीय युवा अपनी राष्ट्रीय पहचान और सांस्कृतिक विविधता के महत्व को समझता है, वह जानता है कि सद्भाव ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

भारत का युवा भविष्य-उन्मुख है। वह जानता है कि उसका समय और ऊर्जा व्यर्थ के विवादों में नहीं, बल्कि कौशल विकास, नवाचार और राष्ट्र के आर्थिक विकास में लगनी चाहिए। भारत का भविष्य किसी राजनीतिक दल या बाहरी शक्ति पर निर्भर नहीं करता। यह पूरी तरह से युवाओं के सद्भाव और पुरुषार्थ पर निर्भर है। युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति है। भारत एक ऐसा गुलदस्ता है, जहां विभिन्न धर्म, भाषाएं और संस्कृतियां एक साथ फलती-फूलती हैं। युवा पीढ़ी को इस विविधता को कमजोरी नहीं, बल्कि अद्वितीय शक्ति के रूप में देखना होगा। जब युवा आपस में जात-पात और एसआईआर, सामाजिक पहचान या क्षेत्रवाद के नाम पर नहीं, बल्कि भारतीयता के नाम पर एकजुट होते हैं, तो कोई भी बाहरी शक्ति या आंतरिक अवसरवादी नेता इस देश को तोड़ नहीं सकता। इस भरोसे को बनाए रखने के लिए जरूरी हो जाता है कि हमारे देश के युवा भड़काने वाले हर बयान और वायरल पोस्ट पर तुरंत यकीन न करें। पहले सोचो, परखो, फिर बोलो की तर्ज पर विभिन्न समुदायों और विचारों के लोगों के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित करें। गलत फहमियां हमेशा संवाद की कमी से पैदा होती हैं। इसलिए हर परिस्थिति में सकारात्मक सद्भाव और संवाद बनाए रखें। हमें यह तय करके रखना होगा कि किसी भी समस्या का समाधान सड़कों पर दंगा करने या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने में नहीं है। देश के संविधान और कानून में विश्वास रखें और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान करें। आज का युग ज्ञान और प्रौद्योगिकी का है। हर युवा को अपने कौशल को निखारने, नई तकनीकें सीखने और वैश्विक बाजार के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान देना चाहिए। भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग नवाचार और उद्यमिता से होकर गुजरता है। युवा पीढ़ी को जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर बनने का लक्ष्य रखना चाहिए। अपने समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा और समर्पण की भावना रखें। उदाहरण के लिए- छोटे स्तर पर सामुदायिक कार्य, स्वच्छता अभियान और शिक्षा प्रसार में योगदान देना भी राष्ट्र निर्माण ही है। हमें यह बात भली भांति समझनी होगी कि हमारे शत्रु देश हमारी प्रगति से जलते हैं और वे हमारी सबसे बड़ी ताकत, यानी हमारे युवाओं को भटकाने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे। लेकिन, भारत का युवा जागरूक है। वह अपनी विरासत के मूल्यों, अपने भविष्य की संभावनाओं और अपने राष्ट्र की शक्ति को पहचानता है। भारत के युवाओं की सामूहिक चेतना और उनका सद्भाव ही देश की अखंडता की अंतिम गारंटी है। हमारा संकल्प है कि हम भ्रामक अफ़वाहों और अवसरवादी नेताओं की चालों से सावधान रहेंगे। हम देश के विकास के एजेंडे पर अडिग रहेंगे। हम अपनी ऊर्जा को रचनात्मकता में लगाएंगे, क्योंकि भारतीय युवा ही वह प्रकाश स्तंभ है, जो चुनौतियों के तूफ़ान में भी भारत को सही दिशा दिखाता रहेगा। आइए, हम सब मिलकर सद्भाव, एकजुटता और पुरुषार्थ के साथ एक ऐसे विकसित भारत का निर्माण करें, जिस पर पूरी दुनिया गर्व कर सके।

# घोड़ा बग्घी में ट्रक की टक्कर से किशोर की मौत

**शेरकोट (चिंगारी)।** नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाओं का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा है। आज तड़के बारात चढ़ाकर लौट रही घोड़ा बग्घी में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे बग्घी सवार एक किशोर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में बग्घी में जुड़ी एक घोड़ी की भी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशांत कुमार (17वर्ष) पुत्र नरेंद्र कुमार, महेंद्र सिंह, वीरू, नितिन कुमार निवासीगण ग्राम बुढ़ेरन, थाना स्योहारा और अलीम पुत्र फहीम निवासी ग्राम मुकरपुरी, स्योहारा कल रात अफजलगढ़ में आयोजित विवाह समारोह में बरात चढ़ाकर आज तड़के साढ़े चार बजे अपनी घोड़ा बग्घी पर सवार होकर घर लौट रहे थे। जब ये वनवे चल रहे हाईवे पर गांव मुबारकपुर कुंडा के पास पहुंचे, तो धामपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने घोड़ा बग्घी में सामने से टक्कर मार दी, जिससे बग्घी पर सवार प्रशांत कुमार और एक घोड़ी की मौके पर मौत हो गई। जबकि महेंद्र सिंह, वीरू, नितिन कुमार और अलीम अहमद गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह व सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा उपचार हेतु सीएचसी धामपुर भेज दिया, जहां से उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। घटना के बाद हाइवे पर जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त बग्घी को हटवाकर यातायात सुचारू करा दिया।

## हाइवे वन-वे होने से दुर्घटनाएं बढ़ी

**पिछले कुछ समय से रामगंगा पुल से शेरकोट के बीच हाइवे पर कई जगह मरम्मत का काम चल रहा है, जिस कारण हाइवे को वनवे कर दिया जाता है। हाइवे वनवे होने के कारण कई बड़े हादसे हो चुके हैं जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है। क्षेत्रीय लोग दुर्घटनाओ का कारण मरम्मत कार्य का धीमी गति से होना और हाइवे वनवे चलना मान रहे हैं।**

# ललित चौहान के प्रमोशन पर परिवार में हर्ष व्याप्त


बेटी के साथ इं. ललित चौहान

**बिजनौर (चिंगारी)।** इं. ललित चौहान पुत्र स्व. इं. केपी सिंह निवासी पंचवटी कॉलोनी बिजनौर का अधीक्षण अभियंता (एस ई) मध्यांचल के पद पर प्रमोशन होने से परिवार में हर्ष व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि ई. ललित चौहान ने बिजली विभाग उत्तर प्रदेश में वर्ष 2012-13 में सहायक अभियंता/एसडीओ ट्रांसमीशन व वितरण खण्ड मेरठ जनपद से अपनी नौकरी की शुरूआत की। उसके पश्चात प्रमोशन होकर मुरादाबाद जनपद में एक्सईन (वितरण) में कार्यरत रहे। तदुपरांत ट्रांसफर होकर गाजियाबाद में कार्यरत रहे है। उनके दो छोटे भाई विनित चौहान वर्तमान में ग्राम में विकास विभाग बिजनौर में वीडीओ पद पर कार्यरत है। जबकि सुमित चौहान वर्तमान में चंडीगढ़ हाउसिंग वोर्ड चंडीगढ़ एडमिनिस्ट्रेशन में सिविल इंजिनियर के पद पर कार्यरत है।

माँ कामाख्या मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
निकट भारत पेट्रोल पम्प मौ. बुखारा, नूरपुर रोड, बिजनौर
7983187749
8755001105
आपके शहर बिजनौर में पहली बार
एडवांस नेत्र एवं मोतियाबिन्द सर्जरी सेन्टर
(जापानी दूरबीन और स्वीटजरलैण्ड की फेको मशीन द्वारा ऑपरेशन)

डॉ. पल्लवी एम. जैन
M.B.B.S., M.S. (KGMC Lucknow)
Fellowship in Cornea & Refractive Surgery
Aravind Eye Hospital, Kolkata
नेत्र रोग विशेषज्ञ
24/7 SERVICE
परामर्श समय
प्रातः 10:30 से सायं 7:30 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा आँखों का निःशुल्क ऑपरेशन
उपलब्ध सुविधाएँ
- अत्याधुनिक जापानी दूरबीन (Takagi) एवं Switzerland की Oertli Catarhex III, Phaco मशीन द्वारा आँख में कृत्रिम लेंस (IOL) लगाना।
- बिना टाँके, बिना दर्द (फेको विधि) द्वारा मोतियाबिंद के ऑपरेशन।
- आँख के परदे (Retina) की अत्याधुनिक उपकरणों द्वारा जाँच।
- नाखूना, परवाल एवं नासूर के उपचार व ऑपरेशन।
- काला पानी (काला मोतिया) का उपचार एवं ऑपरेशन।
- पुतली के रोगों का इलाज एवं पुतली में इंजेक्शन लगाने की विशेष सुविधा।
- कम्प्यूटर द्वारा चश्मे का नम्बर की जाँच।

# जो बीएलओ करेंगे अच्छा काम, उन्हें मिलेगा इनाम

## कोई भी मतदाता गणना प्रपत्र भरने से वंचित न रहने पाये- एडीएम

**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा विशेष पुनरीक्षण दिवस के अवसर पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपेक्षित तेजी लाने के दृष्टिगत जिला स्तरीय संपर्क केंद्र का निरीक्षण किया गया और तैनात कर्मचारियों को कॉल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित एवं उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि जिन बीएलओ की एसआईआर के कार्यों में प्रगति अच्छी पाई जाएगी, उनको जिला प्रशासन की ओर से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूर्णतया पालन कराने तथा एसआईआर की प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में एसआईआर के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय कार्यालयों में मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहयोग करने के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएं एवं इन सभी क्षेत्रों में कैंप भी लगाए जाएं।

उन्होंने बीएलओ को गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने के लिए बीएलओ के कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने, साथ ही बुक अकॉल विद बीएलओ ऐप के लंबित प्रकरणों को 48 घंटे से पहले निस्तारित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने निर्देश दिये कि हर हाल में ये सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी मतदाता गणना प्रपत्र पाने से वंचित न रहे और यथासंभव सभी बीएलओ गणना प्रपत्र भरवाने में मतदाताओं को पूर्ण सहयोग प्रदान करें। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि जिले के समस्त मतदाताओं को 04 दिसंबर तक अपना गणना प्रपत्र सही विवरण भरकर बीएलओ को देना है, जिससे 09 दिसंबर को मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन में कोई भी मतदाता न छूटे।

# एमएम कॉलेज की टीम ने खिताब जीता



**चांदपुर (चिंगारी)।** चांदपुर बैडमिंडन क्लब चांदपुर के सौजन्य से आयोजित दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में एमएम इंटर कॉलेज की टीम ने फ्रेंड्स क्लब चांदपुर के मोहम्मद अरशद अंसारी और शफीक अहमद अंसारी की जोड़ी को हराकर खिताब जीता। मुख्य अतिथि समाजसेवी हाजी मोहम्मद नफीस अहमद ने विजेता को ट्राफी व मेडल प्रदान किये। इस अवसर पर एमएम इंटर कालेज के प्रबंधक मुमताज अहमद, मौ. जुबैर, ओसामा, सलीम नवाब, फराइम, मौ. जैदी, सलीम अहमद सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।


फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है!
Hero
*नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

# डॉ. महेश 'दिवाकर' को मिला 'स्व. ओंकार प्रसाद दुबे वांग्मय रत्न सम्मान'

**मुरादाबाद ( चिंगारी )।** लब्ध प्रतिष्ठित साहित्यकार, सेवा निवृत–हिंदी आचार्य, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा साहित्यभूषण पुरस्कार/सम्मान से विभूषित डॉ. महेश 'दिवाकर' को जबलपुर की अंतरराष्ट्रीय संस्था– कादंबरी की ओर से हिंदी सेवा– सृजन के लिए 'स्व. ओंकारप्रसाद दुबे वांग्मय रत्न सम्मान–2025' से विभूषित किया गया। सम्मान स्वरूप डा. महेश 'दिवाकर' को नकद, 11000/–( ग्यारह हजार) की राशि सहित सम्मान पत्र, शाल, प्रतीक चिन्ह, नारियल आदि देकर विभूषित किया गया। आचार्य भागवत दुबे और प्रो. के. बी. पांडे, पूर्व कुलपति ने उन्हे यह सम्मान प्रदान किया। ध्यातव्य है डॉ. महेश 'दिवाकर' ने हिंदी की विविध विधाओं में 90 मौलिक कृतियां और 95 समादित कृतियां दी हैं। उनके निर्देशन में 55 छात्र– छात्राओं ने पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। हिंदी के उन्नयन एवं संवर्धन हेतु 30 देशों में हिंदी कार्यक्रमों का आयोजन किया है तथा महानगर मुरादाबाद के मिलन विहार में एक 11 कक्षीय हिंदी भवन का निर्माण किया है, जिसमें देश–विदेश से आकर साहित्यकार नि:शुल्क ठहरते हैं। डा. महेश 'दिवाकर' अंतरराष्ट्रीय साहित्य कला मंच मुरादाबाद नामक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं। यह संस्था देश– विदेश में हिंदी के उन्नयन हेतु कार्यक्रमों का आयोजन करती है। देशभर की अनेक साहित्यिक संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी है।



## बंसल टाकीज में पहली फिल्म लगी थी धर्मेन्द्र की 'आजाद'

**धामपुर ( चिंगारी )।** फिल्मी दुनिया के 'ही मैन' धर्मेंद्र के निधन से सिनेप्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। 70 के दशक में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जोड़ी ने फिल्मी दुनिया में धूम मचा रखी थी। धामपुर के प्रमुख व्यवसायी (स्वर्गीय) धर्म प्रकाश बंसल ने वर्ष 1979 में मंदिर चंपा देवी के निकट बंसल सिनेमा की स्थापना की थी। उनके पुत्र सुबोध कुमार बंसल ने बताया की दिसंबर 1979 में जब सिनेमा हॉल का उद्घाटन हुआ था तो उनके सिनेमा हॉल में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी अभिनीत फिल्म 'आजाद' लगी थी। समारोह में नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिकों को बुलाया गया था और इसका पहला शो नि:शुल्क चला था। उन्होंने बताया कि उस समय दशकों में फीचर फिल्म देखने का बहुत शौक था क्योंकि यही मनोरंजन का एकमात्र साधन हुआ करता था।

## बाइक सवारों ने कर रखा था नशा पूरा, मारा गया बेचारा भूरा

**स्योहारा ( चिंगारी )।** सोमवार की देर शाम नगर के मोहल्ला खालिदनगर पिथापुर निवासी शमीम उर्फ भूरा (52) पुत्र घिस्सा माहीगीर किसी कार्य से धामपुर रोड स्थित फब्बारा के पास आया था। तभी सामने से आ रहे बाइक सवार दो युवकों ने सड़क किनारे खड़े शमीम उर्फ भूरा को टक्कर मार दी, जिसमें भूरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने भूरा को मृत घोषित कर दिया, जबकि बाइक सवार देवेन्द्र पुत्र गंगाराम व निक्की पुत्र शेर सिंह निवासी मिल तिराहा धामपुर का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक अपनी मौसी के निधन पर शामिल हो कर वापस धामपुर जा रहे थे। दोनों शराब के नशे में थे। सूचना मिलने पर सीओ धामपुर अभय कुमार पाण्डेय व थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। मृतक के परिवार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

## नाट्यदीप संस्था ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए स्वयंसेवकों को किया सम्मानित



**धामपुर ( चिंगारी )।** नाट्यदीप संस्था द्वारा संस्था के रानी बाग स्थित कार्यालय परिसर में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े सक्रिय स्वयंसेवकों को विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों लक्ष्मी शर्मा, भूदेव सिंह, विनोद कुमार, अंकित कुमार, अमित कुमार, कोशल कुमार, रणजीत सिंह, निशांत कुमार, अनिल कुमार, शिवम कुमार, पंकज कुमार, पवन सैनी, रोहित सैनी, नरेंद्र कुमार आदि को प्रशस्ति–पत्र प्रदान करते हुए उनकी सेवाओं एवं समर्पण की सराहना की। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि नाट्यदीप संस्था विगत कई वर्षों से सामाजिक एवं सांस्कृतिक जागरूकता के क्षेत्र में कार्यरत है, और इन गतिविधियों को सफल बनाने में स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र चौधरी ने स्वयंसेवकों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ समाजसेवा में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। समारोह का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष पवन चौहान ने किया। कार्यक्रम में डॉ. आशीष कुमार, त्रिवेंद्र सिंह, सुनील कुमार, नरेंद्र कुमार, अरुण कुमार, दिनेश कुमार, चेतन कुमार, राकेंद्र कुमार, परमेंद्र कुमार रहे।


# कार्यालय
# नगर पालिका परिषद, धामपुर (बिजनौर)

वेबसाइट NPPDHAMPUR.COM | दूरभाष नं. 01344-297070

पत्रांक : 52 /2025-26 | दिनांक : 24.11.2025

## अति अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, धामपुर, जिला बिजनौर द्वारा पालिका निधि के अन्तर्गत लकड़ी (सोखता) क्रय करना एवं नगर क्षेत्र सीमान्तर्गत प्रमुख स्थानों पर कुल 100 से 125 जगह लकड़ी (सोखता) प्रतिदिन डाले जाने का कार्य कराना चाहती है। अत: समस्त लकड़ी सोखा विक्रेताओं, फर्मों एवं सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि वह अपनी सीलबन्द कोटेशन दिनांक 05.12.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद, धामपुर में प्रस्तुत कर सकते हैं। दिनांक 05.12.2025 को 02 बजे अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष महोदय द्वारा खोली जायेगी। अन्य जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सायं 04.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

1. कोटेशन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित है।
2. किसी भी सशर्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. कोटेशन सप्लायर्स/फर्म को आयकर का पैन नम्बर, व्यापार कर व रजिस्टेशन सम्बन्धी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
4. उक्त तिथियों में किन्हीं कारणवश अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस माना जायेगा।
5. मौसम के अनुसार अलावों के स्थानों की संख्या को घटाया/बढ़ाया जा सकता है।
6. पालिका सीमान्तर्गत 100 से 125 स्थानों पर 15 किलो लकड़ी (सोखता) तथा इनमें से 10 से 15 प्रमुख स्थानों पर 25 किलो लकड़ी (सोखता) प्रतिदिन डाले जाने का पारिश्रमिक सहित।
7. सप्लायर्स को लकड़ी प्रतिदिन स्वयं ही पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर पहुंचानी होगी।

| क्र. सं. | विवरण | क्रय की जाने वाली सामग्री का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | नागरिकों को शीतलहर से बचाने हेतु लकड़ी (सोखता) क्रय करने एवं पालिका सीमान्तर्गत 100 से 125 स्थानों पर 15 किलो लकड़ी तथा इनमें से 10 से 15 प्रमुख स्थानों पर 25 किलो लकड़ी (सोखता) प्रतिदिन डाले जाने का पारिश्रमिक सहित। | लकड़ी (सोखता) | दर प्रति कुन्तल |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, धामपुर**
**जिला बिजनौर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, धामपुर**
**जिला बिजनौर**

# डा. तेवतिया के समर्थन में आई जाट जागरण समिति

## संगीता अग्रवाल पर लगाया उत्पीड़न का आरोप



**चांदपुर (चिंगारी)।** जाट जागरण समिति ने राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल पर डा. सुनील तेवतिया का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। समिति की बैठक में कहा गया कि संगीता जैन अग्रवाल ने डा. तेवतिया के आवास पर जाकर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में जाट जागरण समिति के संरक्षण डा. लाखन सिंह ने कहा कि डा. तेवतिया इस क्षेत्र के बेहद सम्मानित एवं समाजसेवी व्यक्ति हैं। उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार करने पर संगीता जैन अग्रवाल के कृत्य की उन्होंने कड़ी निंदा की। बताया कि जाट जागरण समिति को डा. तेवतिया ने प्रधानमंत्री निक्ष्य मित्र कार्यक्रम के अन्तर्गत चांदपुर क्षेत्र के 250 टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया था, जिसके फलस्वरूप पूरे मुरादाबाद मंडल में टीबी के सर्वाधिक मरीजों को गोद लेकर उनका विधिवत पोषण करने वाली जाट जागरण समिति एकमात्र संस्था है, ऐसे सामाजिक व्यक्ति का अपमान करने से पूरे समाज में रोष व्याप्त है, बैठक में कहा गया कि ग्राम झलरी से लापता लड़कियों के विषय में महिला आयोग की सदस्या द्वारा संज्ञान लेने के बजाय प्रतिष्ठित चिकित्सक का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

बैठक में समिति के संरक्षक डा. लाखन चौधरी, डा. नरेंद्र तोमर डा. महेंद्र मलिक, राजेश तोमर, रूप सिंह, प्रशांत बिट्ठू, जाट जागरण समिति के अध्यक्ष डा. विकास तोमर, संयोजक डा. संदीप चौधरी, कोषाध्यक्ष सचिन अहलावत, प्रदीप तोमर, डॉ. आकाशदीप चौधरी, डा. कपिल कुमार, डा. सुयश चौधरी, एड. बादल तोमर, आकाश राणा, अभिषेक तोमर, विनीत चौधरी, अजयवीर सिंह, जयवीर प्रधान, पुष्पेंद्र प्रधान, जयपाल सिंह, आशीष कुमार, सचेंद्र सिंह, मनदीप चौधरी, सिद्धार्थ आदि उपस्थित रहे।

# देश के विकास की रीढ़ है सहकारिता : तपराज सिंह



## बी.पैक्स नांगल की एजीएम का आयोजन

**नांगल सोती (चिंगारी)।** सोमवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी-पैक्स) नांगल जीतपुर खानपुर की वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) आयोजित की गयी।

एजीएम को मुख्य अतिथि के तौर पर सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सहकारिता किसानों व देश के विकास की रीढ़ है। हमारा सामूहिक प्रयास ही इसे बचा और मजबूत कर सकता है। कृषकों द्वारा डाया खाद की दो-तीन बोरी ही दिये जाने की समस्या पर उन्होंने जिला सहायक निबंधक (एआर) से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया। भाकियू अराजनैतिक के प्रदेश अध्यक्ष (युवा वर्ग) दिगम्बर सिंह ने कहा कि किसानों विशेषकर छोटे किसानों का विकास सहकारी समितियों के माध्यम से ही संभव है।

समिति के सभापति गार्विन चौधरी ने कहा कि अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं के समाधान का हरसंभव प्रयास किया है। किसानों को अपनी समस्यायें बतानी चाहियें। समिति के एमडी विरेन्द्र कुमार ने बताया कि समिति का वार्षिक लाभ 11 लाख 6 हजार 978 रूपये है, जबकि सकल लाभ 83 लाख 93 हजार 352 रुपये है। समिति में सदस्यों की संख्या 3,580 है। बुजुर्ग कृषक भरत सिंह की अध्यक्षता तथा पत्रकार रुकन राजपूत के संचालन में आयोजित एजीएम में कुलवीर सिंह, नीटू सिंह, वीरेन्द्र शर्मा, डोरीलाल पहलवान, तपेन्द्र सिंह, नसीम अहमद पेमा, निरंकार सिंह, सत्यपाल सिंह, अर्पण कुमार, प्रशांत चौधरी, आरबीआई के प्रतिनिधि लेखराज सिंह, हेमेन्द्र चौधरी, संजीव कुमार, सिंधुराज सिंह, गौतम कुमार, डालचंद सिंह, अर्जुन सिंह, उस्मान अहमद, ओमकार आजाद आदि मौजूद रहे।

# रिकार्ड गन्ना पेराई पर लड्डू बांटे

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बरकातपुर चीनी मिल ने 20/21 नवम्बर को 95,100 कुंतल की पेराई कर 24 घंटे में सर्वोच्च गन्ना पेराई का रिकॉर्ड कायम किया था। 23/24 नवम्बर को भी मिल ने 95,000 कुंतल गन्ने की पेराई की है। इस खुशी में मिल प्रशासन ने मिल गेट तथा सभी गन्ना क्रय केन्द्रों पर समस्त किसानों एवं मिल कर्मचारियों को लड्डू बांटे हैं। मिल के संयुक्त अध्यक्ष नरपत सिंह राठौर और महाप्रबंधक (गन्ना) विकास पुंडीर ने बताया कि लड्डुओं का वितरण 24 घंटे तक लगातार किया जायेगा।



DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# गौआश्रय स्थलों का निरीक्षण किया

## छोटे पशुओं के लिए अलग से पार्टिशन के निर्देश दिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लोकेश कुमार अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल ने जनपद बिजनौर के गौ आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। दीपक गोयल ने विख हल्दौर अन्तर्गत संचालित वृहद गौ संरक्षण केन्द्र छाछरी टीप का निरीक्षण किया। गौ आश्रय स्थल पर गौ आश्रय संचालक आरके सिंह, एडीओ पंचायत, पशुधन प्रसार अधिकारी बलराम, संजय उपस्थित रहे। सदस्य द्वारा गौ आश्रय स्थल पर स्थापित गोबर गैस प्लांट को क्रियाशील किए जाने तथा छोटे पशुओं के लिए अलग से पार्टिशन किए जाने के निर्देश दिये। गौ आश्रय स्थल पर गौजन्य उत्पाद निर्मित किए जाएं। तत्पश्चात गौ आश्रय स्थल शेख सराय हबीब का निरीक्षण किया गया, गौ आश्रय स्थल से अधिक से अधिक गौवंश सहभागिता योजना में दिये जाने के निर्देश दिये गये। गौ आश्रय स्थल पर गौ उत्पाद निर्मित किये जाने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात अस्थायी गौ आश्रय स्थल फीना का निरीक्षण किया गया। बीमार एवं छोटे पशुओं के लिए अलग से पार्टिशन किये जाने के निर्देश दिये गये।



# डा. तेवतिया के आवास पर कार्रवाई के मामले ने तूल पकड़ा

**बिजनौर/मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )। राज्य महिला आयोग सदस्य संगीता जैन अग्रवाल द्वारा सीएमओ डा. सुनील तेवतिया के आवास पर कार्रवाई का मामला तूल पकड़ रहा है। जाट समाज डा. तेवतिया के समर्थन में खुलकर सामने आया है। उधर, चिकित्सक संगठनों ने इस कार्रवाई की कड़ी आलोचना की है।**

नेशनल यूनाइटेड फ्रंट ऑफ डाक्टर्स ने मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया पर राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल द्वारा लगाये गये आरोपों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। संगठन के संस्थापक डा. अनिल नौसरान ने कहा कि संगठन का स्पष्ट मत है कि ये आरोप असत्य, भ्रामक एवं दुर्भावना हैं तथा एक ईमानदार अधिकारी की प्रतिष्ठा धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि डॉ. सुनील तेवतिया चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में नैतिकता, अनुशासन, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा के लिए जाने जाते हैं। हमें प्राप्त जानकारी के अनुसार उन पर लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित न होकर व्यक्तिगत स्वार्थ और दबाव निर्माण की मंशा से प्रेरित दिखाई देते हैं। यह स्थिति न केवल अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि एक सम्मानित सार्वजनिक अधिकारी के सम्मान के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी या चिकित्सक पर बिना साक्ष्य के लगाए गए आरोप न केवल निंदनीय हैं, बल्कि कानून और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य भी हैं। ऐसे कृत्य स्वास्थ्य व्यवस्था की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाते हैं और प्रशासनिक कार्यशीलता को प्रभावित करते हैं। इसी के साथ डा. नौसरान ने मीडिया एवं समाज के सभी वर्गो से अपेक्षा की है कि किसी भी संवेदनशील मामले में तथ्यों का निष्पक्ष सत्यापन अनिवार्य रूप से करें, अप्रमाणित आरोपों के प्रसार से बचें और ईमानदार अधिकारियों के कार्यो को अनावश्यक विवादों में न घसीटा जाए। उन्होंने दोटूक कहा कि उनका संगठन डॉ. सुनील तेवतिया के साथ एकजुटता से खड़ा है।

## नरेश टिकैत ने डा. तेवतिया को अनुशासनप्रिय अधिकारी बताया

*सिसौली ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने सीएमओ डा. सुनील तेवतिया को अनुशासनप्रिय और कर्मठ अधिकारी बताया है। उन्होंने कहा कि डा. तेवतिया के कार्यभार संभालने के बाद जिले की स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार हुआ है। राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल द्वारा डा. तेवतिया के चांदपुर स्थित आवास पर छापा मारे जाने की आलोचना करते हुये नरेश टिकैत ने कहा कि छुट्टी के दिन परिवार से मिलने दूसरे जिले में जाना अनुशासनहीनता नहीं माना जा सकता। यदि कोई अधिकारी रोजाना घंटों दूसरे जिले में बैठता, तब मुद्दा बनता, लेकिन छुट्टी के दिन निजी कारणों से जाना स्वाभाविक है।*

## आईएमए ने अपने डॉक्टर्स के लिए जारी की एडवाइजरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बिजनौर ने डॉक्टर्स के लिए एडवाइजरी जारी की है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर सीपी सिंह ने कहा कि हमने अपने डॉक्टर्स को सलाह दी है कि वह बिना रजिस्ट्रेशन वाले अस्पताल में ऑन कॉल, परमानेंट या कंसलटेंट के रूप में बिल्कुल कार्य न करें और किसी भी अस्पताल में सुविधा देने से पहले अस्पताल के रजिस्ट्रेशन संबंधी कागज जरूर देख लें, साथ ही सर्जन और एनेस्थीसिया ये भी जरूर निश्चित कर लें कि अस्पताल में रजिस्टर्ड चिकित्सक भी उपलब्ध रहता हो। आईएमए ने यह एडवाइजरी अस्पतालों में आएदिन हो रही घटनाओं को देखते हुए जारी की है।

## समाज के सभी लोग आगे आकर बच्चों के लिये कार्य करें

### चाइल्ड एडवोकेसी के कार्यक्रम में आह्वान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रोजेक्ट हैल्प इंडिया के द्वारा चाइल्ड एडवोकेसी कार्यक्रम का आयोजन बिजनौर में एक रेस्टोरेंट में किया गया, जिसमें पुलिस के एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण व पूरी टीम साथ रही। साथ ही एडवोकेट राखी शर्मा, एडवोकेट राजवीर सिंह एवं डा. आरती थोमस, रोबिन थोमस एवं वरिष्ठ अध्यापिका एस्टर रूद्रा की भी उपस्थिति रही। संस्था के डायरेक्टर अमित सैमुअल और डेजी सैमुअल के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई। कार्यक्रम का संचालन अमृत सैमुअल ने किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि समाज के सभी लोग आगे आकर बच्चों के लिए कार्य करें, ताकि बच्चे मानव तस्करी का शिकार न हो सकें। बच्चे बाल मजदूरी न करें। बच्चों को उच्च स्तर की शिक्षा मिले, अच्छा खाना-पीना मिले। हर बच्चे की सुरक्षा की जाए ताकि बच्चों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार न हो सके। चाइल्ड एडवोकेसी कार्यक्रम यूनाइटेड नेशंस कन्वेन्शन का एक कार्यक्रम है, जिसमें बच्चों से जुड़ी समस्याओं के विषय में सभी राष्ट्र चिंतित हैं।

## पीएनबी ने किया मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन




**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर जिले के अग्रणी बैंक पंजाब नैशनल बैंक ने सोमवार को बिजनौर में मेगा एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया। अंचल प्रबन्धक कुलदीप सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में बिजनौर मण्डल के मण्डल प्रमुख अजीत कुमार पाण्डेय, ऋण केन्द्र प्रभारी अखिलेन्द्र प्रताप सिंह, एलडीएम अखिल कुमार सिंह, बैंक के अन्य स्टाफ सदस्य व सम्मानित ग्राहकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबन्धक सुमन कुमार सिंह द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम बिजनौर के अतिरिक्त जिले के अन्य केन्द्रों नजीबाबाद, धामपुर एवं चांदपुर पर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक द्वारा ग्राहकों से प्राप्त कुल 32 करोड़ के 112 ऋण आवेदनों में से लगभग 8 करोड़ की धनराशि के 46 ऋण स्वीकृत किए गए। इनमें से सोमवार को 21 ग्राहकों को कुल 7 करोड़ के स्वीकृति पत्र मुख्य अतिथि श्री राणा द्वारा ग्राहकों को वितरित किए गए। मुख्य अतिथि द्वारा बैंक की नहटौर शाखा के नवीनीकृत परिसर का भी उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्री राणा ने अपने सम्बोधन में ग्राहकों को एमएसएमई से संबन्धित बैंक की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मण्डल प्रमुख श्री पाण्डेय ने अपने बैंक स्टाफ को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जनपद के सभी ग्राहकों को बैंक द्वारा दिए जाने वाले सभी प्रकार के ऋणों के बारे में पूर्ण जानकारी दें तथा ग्राहकों से प्राप्त ऋण आवेदनों का बैंक द्वारा निश्चित समय-सीमा के अन्दर निस्तारण करें।

## बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा संबंधी टिप्स दिये



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** पंजाब नेशनल बैंक, शाखा हीमपुर दीपा में मिशन शक्ति अभियान चलाया गया, जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा संबंधित टिप्स दिए गए। उपनिरीक्षक मुन्नी राठी ने उन्हें प्रेरित करते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन बालिका एवं महिलाओं को हर हाल में सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना चाहता है, ताकि सभी अपने सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के प्रति सजग रह सकें। इस दौरान साइबर क्राइम की भी जानकारी दी गई। इसके बाद हीमपुर दीपा बस स्टैंड के समीप मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बालिका एवं महिलाओं को जागरूक करते हुए आपातकालीन टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी गई। इस दौरान महिला कांस्टेबल संगीता और रेनू राठी उनके साथ रही।

## एचटी लाइन की चपेट में आकर किसान झुलसा

**झालू ( चिंगारी )।** नगर में रविवार को एक किसान अपने खेतों में नीचे की और झुकी हुई एचटी लाइन की चपेट में आकर गंभीर घायल हो गया। मोहल्ला रामलीला निवासी सुधीर (55) पुत्र शिवचरण अपने खेत पर गया था। अपने खेत में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ों को सीधा कर रहा था कि खेत के ऊपर जा रही विद्युत लाइन की चपेट में आ गया, और बेहोश होकर गिर पड़ा। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने उसे देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन घायल सुधीर को तुरंत बिजनौर ले गए, जहां उसे एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। अब उनकी हालत स्थिर है। परिजनों ने आरोप लगाया कि जर्जर विद्युत लाइन के बारे में कई बार जेई व एसडीओ को अवगत कराया गया है, लेकिन उन्होंने हर बार उच्च स्तर का मामला बताकर नजर अंदाज कर दिया जाता है।

**काफी नीचे लटके हुये हैं तार, और बड़ी दुर्घटना के आसार**

ग्रामीणों का कहना है कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में कई स्थानों पर विद्युत लाइनें जर्जर हैं और तार नीचे लटके हुए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में S-4 के बच्चों ने जीते कई मेडल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** एस 4 इंटरनेशनल स्कूल के 17 बच्चों ने कोटद्वार में आयोजित ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीते।

स्कूल द्वारा बताया गया कि पिछले दिनों कोटद्वार के एमकेवीएन स्कूल में भारत नामधे भरत महोत्सव ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था, जिसमें एस 4 इंटरनेशनल स्कूल नांगल सोती के 17 बच्चों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में सभी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया और गोल्ड, सिल्वर एवं ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल जीतने वालों में अक्षित, संगम, प्रिंस, क्रिश और तनीषा, सिल्वर मेडल जीतने वालों में शिवा, अबु हमजा और सात्विक ब्रॉन्ज मेडल जीतने वालों में जैनुल, आहिल, ईतीश, शेर मोहम्मद, आयुष, अर्पित, निधि, आरुष और अहद मंसूरी शामिल रहे। स्कूल लौटने पर सभी बच्चों का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के एम.डी. नितिन अग्रवाल ने बच्चों के हुनर की भूरि-भूरि प्रशंसा की और उन्हें भविष्य में और बेहतर करने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कोच नसीम अहमद एवं शिक्षिकाओं मानसी, शाजिया की भी प्रशंसा की, जिनकी देखरेख में स्कूल के बच्चे कोटद्वार में खेलने गये थे।



# शानदार उपलब्धि : साईं स्कूल हल्दौर की कबड्डी टीम ने जीती राष्ट्रीय ट्रॉफी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** रुलर एमेच्यर गेम्स एसोसिएशन (रागा) के द्वारा राजीव गांधी खेल परिसर दिल्ली में अंडर-17 राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्य से आई लगभग 150 टीमों ने प्रतिभाग किया। नगर के साईं इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने अपने कोच अर्पित चौधरी के निर्देश में उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया एवं सभी टीमों को पछाड़ते हुए फाइनल मुकाबले के लिए हरियाणा से आई टीम से भिड़ी। जिसे विद्यालय की टीम ने 32-29 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं फाइनल जीतकर राष्ट्रीय ट्रॉफी अपने नाम की, जिससे विद्यालय एवं विद्यार्थियों में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ, अध्यक्ष डा. विकास शर्मा, प्रबंधक भुवनेश्वर सिंह एवं कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी ने छात्रों को बधाई दी तथा आगे भी विद्यार्थियों को खेलने के लिए यथासंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। विद्यालय की ओर से खेलने वाली टीम में मयंक कुमार, अनिकेत, उज्ज्वल, निखिल, दीपक, चित्रांश, जगदीप एवं देव शामिल थे, जिनका आगे अंतरराष्ट्रीय मुकबले के लिए नेपाल जाना सुनिश्चित हुआ है। विद्यालय की प्रबंध समिति में शामिल सभी सदस्यों एवं प्रधानाचार्य ने सरिता शर्मा, मंजू रानी एवं श्रुति रस्तौगी ने जीतकर आई टीम का फूलमाला से स्वागत किया एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अक्टूबर माह में भी विद्यालय की टीम ने टीएमयू मुरादाबाद से कबड्डी में फाइनल जीतकर ट्रॉफी अपने नाम की थी।



## गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल का स्वागत किया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश सरकार के सदस्य दीपक गोयल का यहां बाल किशनपुर चौराहे पर भारतीय जानता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। सोमवार को हल्दौर के बाल किशनपुर चौराहे पर गौशाला के निरीक्षण पर जा रहे गौ सेवा आयोग के सदस्य दीपक गोयल का युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने फूलमाला पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोवंश की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार का लक्ष्य गौशाला बनवाकर निराश्रित घूम रहे गौवंशों को आश्रय देना है। उन्होंने किसानों से भी आह्वान किया कि गौवंशों को ऐसे ही न छोड़ें। उन्होंने कहा कि यदि किसी को भी कहीं भी गौ हत्या का पता चलता है तो उसकी सूचना तुरन्त पुलिस को दें, जिस पर पुलिस तुरंत कार्यवाही करेगी। इस अवसर पर युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार चानू, प्रदीप कुमार, अंकुर, रणधीर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, निपेंदर चौधरी, बीनू रस्तौगी, कुश चौहान, मोनू चौहान, मुकुल कौशिक, जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

## मंगलमय हो मिलन तुम्हारा शान्तनु संग शिखा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** एसपी कांवेंट स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार अग्रवाल (पेट्रोल पंप वाले) एवं श्रीमती नीतू अग्रवाल के सुपुत्र चि. शान्तनु का विवाह नगीना निवासी विकास अग्रवाल व श्रीमती बबीता की सुपुत्री आयु. शिखा के साथ धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बिजनौर रोड स्थित एक विवाह मंडप में आयोजित भव्य कार्यक्रम में अधिकारियों, राजनैतिक दलों के नेताओ, व्यापारियों ने उपस्थित होकर नवयुगल के सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। मनोज कुमार अग्रवाल, अनन्त अग्रवाल सहित परिवार के अन्य लोगों ने विवाह समारोह में उपस्थित होने वाले अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। चिंगारी परिवार नवयुगल के दीर्घ एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना करता है।

## कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत हुआ सभा का आयोजन



**हल्दौर ( चिंगारी )।** हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर में मिशन शक्ति के तहत थाने के दरोगा भगवान दास की अध्यक्षता में साइबर अपराध, मिशन शक्ति आदि विषयों पर एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता दुष्यंत चौधरी और हिमांशु शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि साइबर अपराध में कई तरह के अपराध आते हैं, जिसमें हैकिंग पहचान की चोरी, वित्तीय धोखाधड़ी, रैंसमवेयर हमले, मैलवेयर हमले, साइबर जासूसी और ऑनलाइन अवैध गतिविधियां शामिल हैं। इन अपराधों में डिजिटल माध्यमों से इस्तेमाल करके डेटा चुराना, सिस्टम को नुकसान पहुंचाना या वित्तीय लाभ के लिए धोखाधड़ी करना शामिल हैं। मिशन शक्ति पर महिला आरक्षी अनु कुमारी ने बताया कि मिशन शक्ति का उद्देश्य से जीवन चक्र के आधार पर महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों का समाधान करके तथा अभिसरण और नागरिक स्वामित्व के माध्यम से उन्हें राष्ट्र निर्माण में समान भागीदार बनाकर महिला नेतृत्व वाले विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता साकार करना है। महाविद्यालय द्वारा सभी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय निदेशक डॉ. अनुज कुमार व महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. योगेंद्र कुमार सहित समस्त स्टाफ की उपस्थिति रही।

## बकरी चराने गई थी, युवक भगा ले गया

**नगीना ( चिंगारी )।** एक युवती को दूसरे वर्ग के युवक द्वारा भगाकर ले जाने का मामला सामने आया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि 22 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे उसकी पुत्री बकरी चराने गई थी, लेकिन उसके बाद वापस नहीं लौटी। तहरीर में एक दूसरे गांव के युवक पर उसकी पुत्री को भगाकर ले जाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र युवती की सकुशल बरामदगी के लिए टीम का गठन कर दिया गया है, शीघ्र बरामदगी करा दी जाएगी।

## बरामद नहीं हुई लापता छात्रा
## शिवसेना बनाएगी आंदोलन की रूपरेखा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** शिवसेना कार्यकर्ताओं की बैठक में लापता छात्रा का अभी तक भी सुराग न लगने पर रोष जताया गया तथा आगामी रूपरेखा बनाने के लिए कल 26 नवम्बर को बिजनौर में विशाल बैठक करने का निर्णय लिया गया। ग्राम बागड़पुर स्थित शिवसेना के क्षेत्रीय कार्यालय पर शोभित गुर्जर की अध्यक्षता एवं जिला उपप्रमुख मुकेश लाम्बा के संचालन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मुरादाबाद जिला प्रमुख नन्हे चौधरी ने 12 दिन बीत जाने के बाद भी ग्राम झलरी निवासी छात्रा का अभी तक कोई सुराग न लगने पर आक्रोश जताया। शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने जनपद में तेजी के साथ बढ़ रहे अपराधों पर आक्रोश जताया। उन्होंने कहा अपहृत हुई छात्रा को बरामद किए जाने की मांग को लेकर 26 नवम्बर को बिजनौर में विशाल बैठक होगी, जिसमें आगामी रूपरेखा बनाई जाएगी। बैठक में पुलकित त्यागी, राहुल त्यागी, अजय कुमार, सुनील शर्मा, सुरेन्द्र कुमार, संजीव कुमार, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस मनाया

**हल्दौर ( चिंगारी )।** जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस अत्यंत श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सहप्रबंधक आशुतोष नागर द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। उन्होंने दीप प्रज्वलित करते हुए कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का त्याग केवल इतिहास नहीं, बल्कि मानवता के हृदय में जलती वह ज्योति है, जो हमें सत्य, साहस और धर्म की रक्षा का संदेश देती है। कार्यक्रम में प्रवक्ता नीता राजपूत ने अत्यंत प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान न केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा के लिए था, बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश देता है कि सत्य के मार्ग में खड़ा व्यक्ति कभी अकेला नहीं होता, उसके साथ सदैव मानवता खड़ी रहती है। इसके पश्चात विद्यालय के संरचनात्मक एवं शैक्षणिक पर्यवेक्षक विकास पंकज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प दिलाता है कि हम बच्चों में साहस, संवेदना, राष्ट्रप्रेम और मानवता के मूल्यों को विकसित करें। गुरु तेग बहादुर जी ने जिस निडरता से अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाई, वह आदर्श हर विद्यार्थी के चरित्र निर्माण के लिए मार्गदर्शक है। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण अर्जुन सिंह, ललित शर्मा, राकेश कुमार, विक्रांत कुमार, अरुण डबास, विशाल चाहल, अपूर्व चौहान, अभिनव चौधरी, जितेंद्र सिंह, निशा राजपूत, स्वाति पाराशर, मानसी, काजल चौधरी, रंजना, प्रियंका चौधरी, महिमा, नमिता रस्तौगी, स्वाति वर्मा, आराधना आदि उपस्थित रहे।



# मुसलमान को सबसे अच्छा पड़ोसी होना चाहिए: जमीरूल हसन खान

## जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने शुरू की पड़ोसियों के प्रति अच्छा व्यवहार मुहिम

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर से समाज में घटती पडोसीपन की भावना, बढ़ती दूरी, गलतफहमियों व कमजोर होते सामाजिक संबंधों को सुधारने के उद्देश्य से पड़ोसियों के अधिकार मुहिम का शुभारंभ किया गया है। इस मुहिम को लेकर मंगलवार को जमात के अमीर-ए-मुकामी (नगर अध्यक्ष) जफर हुसैन के डबल फाटक के समीप कार्यालय पर एक प्रेस कान्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जमीअत इस्लामी हिंद के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जमीरूल हसन खान फलाही ने बताया कि यह मुहिम 21 से 30 नवम्बर तक पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चलाई जाएगी। मुहिम का मुख्य उद्देश्य पड़ोसियों के प्रति अच्छा व्यवहार, पारस्पारिक सद्भाव, सहयोग, दया व सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि मुसलमान को सबसे अच्छा पड़ोसी होना चाहिए क्योकि पैगम्बर मुहम्मद (सल.) ने फरमाया है कि अपने पड़ोसी के साथ अच्छा व्यवहार करो, तुम्हे ईमान का मर्तबा प्राप्त हो जाएगा। अल्लाह के नजदीक एक अच्छा पड़ोसी वह है जो अपने पड़ोसी के लिए अच्छा हो। वह व्यक्ति स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकेगा जिसका पड़ोसी उसकी शरारतों से सुरक्षित न हो। जो कोई अल्लाह व परलोक में विश्वास (ईमान) रखता है, वह अपने पड़ोसी के प्रति दयावान हो जाए। वह व्यक्ति मोमिन नहीं जिसका पेट भरा हो और उसका पड़ोसी भूखा हो। एक अच्छा पड़ोसी पडोसियों की मदद करता है, पड़ोसियों की रक्षा करता है, पड़ोसियों को तकलीफ से बचाता है, पड़ोसियों की तकलीफ पर सब्र करता है, पड़ोसियों की भलाई की चिंता करता है। अच्छा पड़ोस में आपसी सहयोग का माहौल होता है, सभी लोग सामूहिक सुख-सुविधा के लिए चिंतित रहते है, रास्तों की साफ सफाई का ध्यान रखते है, विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाया जाता है। अच्छे राहगीर रास्तों को साफ-सुथरा रखते है, सड़कों में रूकवाटें खड़ी नहीं करते, ट्रैफिक के नियमों का पालन करते है। अच्छे हमसफर सफर को खुशगवार बनाते है, दूसरों की मदद करते है, दूसरों के आराम का ध्यान रखते है। अच्छे करीबी लोग अजनबियत को अपनेपन से बदल देते है, बेजारी को मुहब्बत में बदल देते है, संदेहों को सुरक्षा की भावना से बदल देते है, बुरी भाषा को अच्छी भाषा में बदल देते है। उन्होंने कहा कि दूसरे धर्म वाले पड़ोसी उनके साथ अपनापन बढ़ाएं व अलगाव दूर करें, उन्हें उपहार भेजें व अपने घर दावतों पर बुलाएं, उनके हितैषी बनें, उनके दुखों को दूर करें और खुशियों को सामान करें, इस्लाम के विरूद्ध हर प्रोपगंडे का सबसे अच्छा जवाब अपने गैर मुस्लिम पड़ोसियों के साथ अच्छा व्यवहार है। अपने पड़ोस को अपने घर जैसा समझें, अपने घर की तरह पड़ोस के लिए भी प्यार मुहब्बत पंसद करें। उन्होंने बताया कि पैगम्बर मुहम्मद (सल.) ने फरमाया कोई बंदा तब तक सच्चा ईमान वाला नहीं हो सकता जब तक वह अपने पड़ोसी के लिए वही पंसद न करे जो अपने लिए पसंद करता है। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर देशभर में पड़ोसियों के अधिकारों के लिए एक मुहिम चलाएं, हम अच्छे होंगे तो पड़ोस अच्छा होगा, पड़ोस अच्छा होगा तो समाज अच्छा होगा, समाज अच्छा होगा तो देश अच्छा होगा। इस मौके पर जमात के अमीर-ए-मुकामी (नगर अध्यक्ष) जफर हुसैन, जिलाध्यक्ष मोहतेशीम नोमानी, कफील अहमद, खालिद अकील, नियाजुल रेहमान, इनामुल हक, नईम अहमद, डॉ. शमशुल इस्लाम, सलीम अहमद, शकील अहमद, समीर अहमद आदि मौजूद रहे। फोटो परिचय-जमात की मुहिम का आगाज करते प्रदेश के अध्यक्ष जमीरूल हसन खान फलाही।



**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

**अधिसूचना अंतर्गत धारा-147 ( 2 ) यू.पी. म्यु एक्ट 1916**

समस्त प्रभावित पक्षों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री ओमकार कैसले पुत्र श्री हरिओम कैसले मौहल्ला रम्पुरा तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री हरिओम कैशले पुत्र श्री पन्ना लाल पुत्र स्व. श्री कल्लू नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू बजरिये रजिस्टर्ड दानपत्र व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:-642/बी रम्पुरा नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

# स्प्रिंग फील्ड एकेडमी की प्रिंसिपल करुणा शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि


श्रीमती करुणा शर्मा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्प्रिंग फील्ड सीनियर सैकेंड्री एकेडमी नयागांव (मंडावली) की उपलब्धियों में एक आयाम और जुड़ा है। प्रधानाचार्या श्रीमती करुणा शर्मा को सनराइज विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। प्रधानाचार्या की इस उपलब्धि पर पूरा स्प्रिंग फील्ड परिवार खुशी से गदगद है तथा स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। प्रधानाचार्या डॉक्टर करुणा शर्मा ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय पूर्ण रूप से अपने दिवंगत पिताजी श्री सुखदेव शर्मा को दिया है। उनके रिसर्च का मुख्य विषय मनुष्य के वैवाहिक जीवन में एकाकीपन रहा। इस विषय को उन्होने विभिन्न उपन्यासों के पात्रों के माध्यम से अपनी थीसिस में विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया है। प्रधानाचार्या श्रीमती करुणा शर्मा ने बताया कि उनके प्रेरणास्त्रोत उनके दिवंगत पिताजी श्री सुखदेव शर्मा रहे। उनकी बिटिया डॉक्टर अनन्या और स्प्रिंग फील्ड एकेडमी के प्रबंधक कुलदीप सिंह के सहयोग से ही वे इस उपलब्धि को हासिल कर सकी हैं। एकेडमी के प्रबंधक कुलदीप सिंह तथा समस्त एकेडमी परिवार ने प्रधानाचार्या को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मंगलवार को एकेडमी में पहुंचने पर समस्त शिक्षकों - शिक्षिकाओं ने प्रधानाचार्या का बेहद गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रबंधक कुलदीप सिंह ने कहा कि प्रधानाचार्या करुणा शर्मा की इस उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार को नाज है।


श्रीमती करुणा शर्मा का स्वागत करतीं शिक्षिकायें।

# दिल्ली में निकाले गये नगर कीर्तन में शामिल बिजनौर की संगत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** गुरु तेग बहादुर जी के 350 वे शहीदी शताब्दी दिवस पर दिल्ली में निकाले गये विशाल नगर कीर्तन में बिजनौरी संगत ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। लाल किले पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिल्ली सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के नेतृत्व में नगर कीर्तन ऐतिहासिक शहीद स्थल गुरुद्वारा श्री शीश गंज साहिब से शुरू हुआ जिसमें गुरु के पंज प्यारे,गतका पार्टी, निहंग सिंघा दी फोज, फूलों से सुसज्जित वाहन में गुरु साहिब की सवारी, कीर्तनी जत्थे आदि शामिल रहे। नगर कीर्तन में बिजनौर से जिला गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान राजेन्द्र सिंह प्रिंस, संचालक कमलजीत सिंह नूर, राहुनंगली प्रधान जसवेंदर सिंह वाटर,रवि, ओंकार सिंह, प्रभुजोत सिंह बादल, प्रदीप सिंह, परमजीत सिंह, गुरविंदर सिंह आदि शामिल हुए। शहीदी शताब्दी कार्यक्रम का विशेष दीवान लाल किले में लगाया गया जहां देश के ग्रह मंत्री अमित शाह, दिल्ली की मुख्यमंत्री सहित कई केंदीय व प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने पहुंचकर गुरु तेग बहादुर जी की महान शहादत को नमन किया। लाल किले में टेंट सिटी बनाया गया है जहां बाहर से आये सिक्खों के ठहरने की शानदार व्यवस्था की गईं है।

# नवेद ने जरूरतमंदों को कम्बल बांटे

**किरतपुर ( चिंगारी )।** ठंड के गरीब और जरूरतमंद परिवारों की मदद के लिये एडवोकेट एवं समाजसेवी मोहम्मद नवेद ने हुसैनपुर ढाकी के स्टैण्ड पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें दर्जनों जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवेद ने बताया कि सर्दी के मौसम में कई लोग पर्याप्त साधन न होने के कारण कठिनाइयों का सामना करते हैं। ऐसे समय में समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर मदद का हाथ बढ़ाना चाहिए। कंबल वितरण के दौरान उनके साथ पूर्व प्रधान आरिफ हुसैन, पूर्व प्रधान जामिन, मोहम्मद जावेद सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता भी रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह पहल अत्यंत सराहनीय है और इससे असहाय परिवारों को ठंड से काफी राहत मिलेगी। कई बुजुर्गों और महिलाओं ने कंबल प्राप्त करते हुए एडवोकेट नवेद और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने उम्मीद जताई कि आगे भी ऐसे सामाजिक कार्य समय-समय पर होते रहेंगे, जिससे जरूरतमंदों की मदद हो सके।



# अधिवक्ताओं को क्रिप्टोकरेंसी की जानकारी दी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रवि मेहरा ने आज मेटा व्हेल क्रिप्टोकरेंसी के व्यावसायिक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ बार एसोसिएशन के महासचिव हसन अली चौधरी, मौ. आज़म एडवोकेट, तथा अध्यक्ष मोहन लाल एडवोकेट भी मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य अधिवक्ताओं एवं स्थानीय शिक्षित युवाओं को डिजिटल मुद्रा, क्रिप्टोकरेंसी की कार्यप्रणालियों, जोखिम, संभावनाओं एवं व्यवासायिक अवसरों के बारे में जागरूक करना था। वक्ताओं ने कहा कि बदलते समय में डिजिटल फाइनेंस और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी की समझ आवश्यक होती जा रही है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं और पेशेवरों को आधुनिक वित्तीय तकनीक से परिचित कराने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने सहभागिता की। उपस्थित अधिवक्ताओं में पूर्व अध्यक्ष रवि मेहरा, हसन अली चौधरी, महासचिव मौ. आज़म, अध्यक्ष मोहन लाल, अमन चौधरी एड,रफत खान, तरुण रस्तोगी,विपुल गिरी, प्रशांत गुप्ता, जमशेद, दिलशाद, तरुण रस्तोगी आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# उत्तराखण्ड में अब नई प्रतिभाओं को आगे लाने की जरूरत : ऋतु खंडूडी

## 'डॉ. चारण' की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के ऑडिटोरियम में हिमालयन विद्या भवन समिति की ओर से इतिहासकार, भूगोलवेत्ता, शिक्षाविद एवं लेखक डॉ. शिव प्रसाद डबराल 'चारण' की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और उत्तराखंड में शिक्षा में नवाचार विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने कहा कि विलक्षण प्रतिभा के धनी डॉ. डबराल सीमित साधनों में शिक्षा प्राप्त कर साहित्य और इतिहास के क्षेत्र में समाज को दिशा देने वाली रचनाएँ छोड़ गये। उन्होंने बच्चों को डॉ. डबराल की पुस्तकों के अध्ययन की सलाह देते हुए कहा कि उत्तराखंड 25 वर्षीय युवा राज्य के रूप में अब नई प्रतिभाओं को आगे लाने की जरूरत है। डॉ. डबराल के पुत्र प्रो. शांति कुमार डबराल ने बताया कि उनकी डायरियां इतिहास और साहित्य का महत्वपूर्ण स्रोत है कार्यक्रम की अध्यक्षता धाद संस्था के



संस्थापक लोकेश नवानी ने की। उन्होंने उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में डॉ. शिव प्रसाद डबराल पीठ स्थापित कर प्रतिवर्ष सम्मेलन कराने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो. डॉ. गिरिजा पांडे, दीपक ध्यानी, वाणिज्य कर कमिश्नर मितेश्वर आनंद, डॉ. उमेश ध्यानी, अनीता आनंद, आशीष डबराल, ऋषि कंडवाल, डॉ. शांति डबराल, चक्रधर कंडवाल, रिद्धि भट्ट, महेंद्र ध्यानी मौजूद रहे।

# गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की वार्षिक बैठक आयोजित

## समस्याओं पर किया विचार, कुछ का तुरन्त किया निस्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग की वार्षिक बैठक में विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए कुछ मुद्दों का समाधान मौके पर ही किया गया। बैठक में गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर विनोद नेगी ने लीग कार्यालय के कार्य सुचारू रखने हेतु सूबेदार हरि सिंह के माध्यम से कंप्यूटर प्रदान किया। बैठक की अध्यक्षता लीग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट कर्नल बुद्धि बल्लभ ध्यानी (से.नि.) ने की। उन्होंने कंप्यूटर उपलब्ध कराने के लिए ब्रिगेडियर नेगी का आभार व्यक्त किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल बीपी भट्ट (से.नि.) ने पेंशन और ईसीएचएस से संबंधित समस्याओं पर चर्चा कर कई मामलों का तत्काल समाधान कराया। बैठक में लीग के संरक्षक कर्नल बीएस गुसाईं (से.नि.), कोषाध्यक्ष विंग कमांडर बीपीएस रावत (से.नि.), उपाध्यक्ष दिनेश खंतवाल, महासचिव दान सिंह सहित पौड़ी, खिर्सू, कोट, पाबौ, कल्जीखाल, कालागढ़, रिखणीखाल, जयहरीखाल, पोखड़ा, द्वारीखाल व यमकेश्वर ब्लॉक के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्रपाल सिंह रावत, सीएसडी कैंटीन मैनेजर कैप्टन धीरज कुकरेती (से.नि.) समेत कुल 65 पूर्व सैनिकों ने सहभागिता की।

# राजेन्द्र सिंह नेगी को मिलेगा अंबेडकर नेशनल फेलौशिप अवार्ड



राजेंद्र सिंह नेगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भारतीय दलित साहित्य अकादमी दिल्ली की ओर से समाजसेवी राजेंद्र सिंह नेगी को बाबा साहब डा. अंबेडकर नेशनल फैलोशिप अवार्ड 2025 दिया जायेगा। 12 दिसंबर को अकादमी के राष्ट्रीय सम्मेलन में उन्हें यह अवार्ड दिया जाएगा। स्व. सरोजनी देवी लोक विकास समिति की ओर से आयोजित एक बैठक में अवार्ड के लिए समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी का नाम आने पर खुशी व्यक्त की गई। वक्ताओं ने कहा कि राजेंद्र सिंह नेगी पिछले कई वर्षों से समाजसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। बताया कि यह अवार्ड उन्हें वंचित, शोषित वा उपेक्षित समाज की सेवा के लिए दिया जा रहा है। समिति के सदस्य कुंवर सिंह रावत ने बताया कि राजेंद्र सिंह नेगी राज्य आंदोलनकारी भी हैं। इस की मौके पर गजे सिंह रावत, नारायण सिंह, गंभीर सिंह असवाल, अन्नपूर्णा जोशी आदि मौजूद रहे।

# जिप्सी की टक्कर से ई-रिक्शा चालक सहित चार घायल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नजीबाबाद रोड पर कौड़िया-लालबत्ती चौक के मध्य एक तेज रफ्तार जिप्सी ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। दुर्घटना में ई-रिक्शा चालक सहित चार लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जिप्सी चालक व उसमें सवार युवकों को अपनी हिरासत में ले लिया। घटना सोमवार दोपहर दो बजे की है। नजीबाबाद रोड लालबत्ती के समीप ई-रिक्शा में सवार तीन लोग कौड़िया की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नजीबाबाद रोड कंडारी कालोनी के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक जंगल सफारी जिप्सी ने ई-रिक्शा को टक्कर कार दी। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा चालक सहित तीन सवारियां छिटककर सड़क पर गिर गई। साथ ही ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने निजी वाहन से चारों घायलों को राजकीय बेस चिकित्सालय पहुंचाया। ई-रिक्शा चालक की पहचान बीईएल रोड निवासी दीपक पाल के रूप में हुई है। जबकि, ई-रिक्शा में सवार होकर कौड़िया एकता नगर निवासी रोहिताश, बलभद्रपुर निवासी प्रमोद व सुषमा देवी अपने-अपने घर को जा रहे थे। दुर्घटना में प्रमोद की हालत गंभीर है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजविक्रम सिंह ने बताया कि जिप्सी चालक लैंसडौन जयहरीखाल ढौंटियाल निवासी धनवीर सिंह को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया है।

# कुंजापुरी में हुई बस दुर्घटना में घायल हुये छह लोग एम्स में भर्ती

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** कल नरेन्द्रनगर के समीप हुई बस दुर्घटना के 6 घायलों को इलाज हेतु एम्स ऋषिकेश में भर्ती किया गया है। देर शाम तक सभी घायलों की आवश्यक मेडिकल जांचें जारी थीं। इनमें से अधिकांश की स्थिति नाजुक बनी हुई है। मालूम हो कि मंगलवार दोपहर को नरेन्द्र नगर स्थित मां कुंजापुरी मंदिर के दर्शन कर लौट रही यात्रियों की एक बस दुर्घटनाग्रस्त होकर गहरी खाई में गिर गयी थी। इस दुर्घटना में घायल हुए 6 यात्रियों की हालत ज्यादा खराब देखते हुए उन्हें उपचार हेतु एम्स पंहुचाया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए संस्थान के जन सम्पर्क अधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि इलाज कर रहे ट्रॉमा चिकित्सकों के अनुसार घायलों में 2 पुरूष और 4 महिलाएं शिव कुमार उम्र 59 वर्ष, राकेश कुमार उम्र 54 वर्ष, दीप शिखा उम्र 50 वर्ष, दीक्षा उम्र 60 वर्ष, माधुरी उम्र 55 वर्ष और चैतन्या जोशी उम्र 62 वर्ष शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के अनुसार ज्यादातर घायलों को गंभीर चोटें आयी हैं। घायलों की हालत स्थिर करने हेतु डॉक्टरों की टीम सभी आवश्यक उपचार कर रही है।

# गढ़वाल क्षेत्र के अग्निवीरों की भर्ती 15 जनवरी से 30 जनवरी तक होगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेना भर्ती कार्यालय लैंसडौन की ओर से गढ़वाल क्षेत्र के अग्निवीरों की भर्ती रैली पंद्रह से तीस जनवरी तक कोटद्वार के गबर सिंह कौड़िया कैंप में आयोजित की जाएगी। भर्ती के उम्मीदवारों को अपने दस्तावेजों के साथ सुबह तीन बजे रिपोर्ट करना होगा।

निदेशक सेना भर्ती कार्यालय लैंसडौन कर्नल आरएस पंवार ने बताया कि अग्निवीरों की भर्ती रैली पंद्रह जनवरी से कोटद्वार में आयोजित की जा रही है। कोटद्वार के गबर सिंह कैंप में होने वाली भर्ती रैली का कार्यक्रम जल्द जिलेवार घोषित कर दिया जायेगा। भर्ती के उम्मीदवार को एडमिट कार्ड जेआईए वेबसाइट से प्राप्त होंगे। बताया कि जेआई वेबसाइट में यदि किसी प्रकार की युवाओं को दिक्कत आती है तो वे लैंसडौन स्थित सेना भर्ती कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से उम्मीदवारों की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 7456874057 भी जारी किया है। सेना भर्ती निदेशक से सभी युवाओं से दलालों से सावधान रहने का आह्वान किया है। भर्ती के इच्छुक युवाओं को रैली स्थल पर ओटीपी आधारित सत्यापन के लिए आधार कार्ड व जेआई वेबसाइट में पंजीकृत अपना मोबाइल लाना होगा। इन दस्तावेजों की तीन फोटो कॉपी की अर्हता भी अनिवार्य है, जिनमें प्रवेश पत्र, अभ्यर्थी की फोटो कापी, शिक्षा प्रमाण पत्र, अंकतालिका और स्थानांतरण प्रमाण पत्र, अधिवास, स्थायी निवास, जाति व धर्म, एनसीसी, खेल प्रमाण पत्र, पैन व आधार आदि दस्तावेज होने चाहिए।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# रिखणीखाल के गांवों में शीघ्र होगा संचार सेवाओं में सुधार

## तकनीकि टीम ने किया क्षेत्र का निरीक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लैंसडौन विधानसभा के अंतर्गत कार्बेट नेशनल पार्क (सीटीआर) से सटे रिखणीखाल ब्लॉक के पैनों और बूंगी पट्टी में बेपटरी हुई संचार सेवाओं को सुधार लाने के लिए बीएसएनएल ने काम तेज कर दिया है। रौंदेड़ी और अदवाड़ी गांव में नए मोबाइल टावर लगाए जाएंगे। मुख्य महाप्रबंधक व डीजीएम श्रीनगर के निर्देश पर क्षेत्रीय प्रबंधक हरप्रीत सिंह और दूरसंचार अधिकारी लैंसडौन शेखर सुमन शर्मा के नेतृत्व में तकनीकी टीम ने ग्राम पंचायत कांडा सहित प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। टीम के पहुंचने के बाद क्षेत्र से वीडियो कॉल की सुविधा शुरू हो गई है।

ग्राम पंचायत कांडा की प्रधान बिनीता ध्यानी ने बताया कि लगातार कनेक्टिविटी समस्या को लेकर उन्होंने बीएसएनएल अधिकारियों को अवगत कराया था। टीम ने रिखणीखाल, नैनीडांडा और जयहरीखाल क्षेत्र में भी टावर स्थलों का निरीक्षण किया। पूर्व सर्वे के अनुसार रौंदेड़ी में नया टावर मार्च तक स्थापित किया जायेगा, जिससे पैनों व बूंगी पट्टी के तीन दर्जन से अधिक गांवों को नेटवर्क मिलेगा। इसके अलावा मंदाल घाटी और काली नदी घाटी के लिए लूंठियानाला व अदवाड़ी के बीच एक और टावर लगाया जाएगा। टीम ने रिखणीखाल, कर्तिया, चपड़ेत, जामरी, गुजरी, बरै धूरा, हल्दूखाल, क्वीराली सहित कई टावरों का भौतिक सत्यापन कर उनकी स्थिति ट्रेस की। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों के मोबाइल नंबर अपडेट किये गये और बीएसएनएल सिम वितरित किये गये। टीम ने बवाणी, लूंठिया, बिलकोट, महता बाखल, चिलाऊ, पुनौड़ी, बिरण, सौंपखाल, तैड़िया, गोदीखांद, दियोड़, हैडाग्वाड, भैंस्यारौ, बासुली सेरा, जुई, नौदानू आदि गांवों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बीएसएनएल की योजनाओं की जानकारी देते हुए तकनीकी चुनौतियों से भी अवगत कराया। इस मौके पर राम सिंह, धीरेंद्र सिंह, एसएल भट्ट, डॉ. एपी ध्यानी, दीनदयाल सिंह, मंजू देवी, मंगल सिंह बिष्ट, गजेंद्र सिंह मौजूद थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# तीन घरों में लगी आग : नकदी, घरेलू सामान व बाइकें जलीं

## दो पशु भी झुलसे



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव पक्का तालाब में अज्ञात कारणों से लगी आग में तीन घर जलकर राख हो गए। घरों में रखी नगदी, कपड़े, बिस्तर और 2 बाइकें जल गईं। दो पशु भी बुरी तरह झुलस गए हैं। कुल मिलाकर इस अग्निकांड में लाखों रुपए का सामान जलकर स्वाहा हो गया।

सोमवार को सायं 4 बजे नगर के समीपवर्ती गांव पक्का तालाब में सईद पुत्र पीरु, तस्लीम पुत्र शफीक व अबरार पुत्र गफ्फार के छप्पर के घरों में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीनों घर धू-धू कर जलने लगे। आग के विकराल रूप को देखते हुए घरों में मौजूद महिलाएं और बच्चे किसी तरह जान बचाकर बाहर भाग निकले। जिस समय यह घटना हुई उस समय घरों पर केवल महिलाएं व बच्चे मौजूद थे। तीनों परिवार के पुरुष बकरी चराने गये हुए थे। महिलाओं और बच्चों की चीख-पुकार सुन और आग की विकराल लपटों को देखकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े, किंतु आग के विकराल रूप के देखकर ग्रामीण आग बुझाने का साहस नहीं जुटा पाए। थोड़ी देर बाद आग ने तीनों घरों में रखा सब कुछ सामान जलकर राख के ढेर में बदल दिया।

इस अग्निकांड में सबसे अधिक नुकसान सईद पुत्र पीरु का हुआ है। सईद की दो पुत्रियों की शादी अगले माह होनी थी। बेटियों की शादी के लिए उसने दहेज के लिए सामान जुटा रखा था। सईद के घर में रखी दो लाख दस हजार रुपयों की नगदी, दो मोटरसाइकिलें, चार तोला सोना, 2 किलोग्राम चांदी, इनवर्टर, बैटरी, कपड़े, अनाज सहित लाखों रुपयों का सामान जलकर स्वाहा हो गया। इस सामान के अतिरिक्त सईद की एक भैंस और एक लवारा भी बुरी तरह झुलस गया है। तस्लीम व अबरार के घर में भी करीब बीस हजार रुपयों की नगदी, घर में रखा सामान, अनाज, कपड़े सब भस्म हो गया। आग लगने की सूचना मिलते ही राजस्व विभाग से हलका लेखपाल रजनीश कुमार व प्रमोद कुमार ने मौके पर पहुंच आग से हुए नुकसान का आंकलन लगाकर रिपोर्ट भेजने की बात कही है।







**तुरन्त आवश्यकता (हाउस मेड की)**

बिजनौर में एक बुजुर्ग महिला की देखभाल के लिये एक हाउस मेड की आवश्यकता है। रहना-खाना फ्री के साथ वेतन कार्यनुसार।

सम्पर्क करें- 7838787090, 9267451171

## न्यायमूर्ति सूर्यकांत के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेने पर खरगे ने दी शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत के उच्चतम न्यायालय के 53वें मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ लेने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री खरगे ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेने पर न्यायमूर्ति सूर्यकांत को हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी पदोन्नति हमारी न्याय व्यवस्था के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर उनके 14 महीने के कार्यकाल की शुरुआत है।

